BYJU'S EXAM PREP

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 22-31 मार्च 2022









# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 22 -31 मार्च 2022

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट चौथे **सप्ताह** (22-31) मार्च **2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

**1.** SBI कार्ड ने इंटरनेशनल गौर्मेट कार्ड लॉन्च करने के लिए किस भारतीय प्रमुख किराना स्टोर ब्रांड के साथ करार किया_________ **नेचर्स बास्केट।**

**नोट:**

- यह कार्ड दो रूपों में पेश किया जाएगा - 'नेचर्स बास्केट SBI कार्ड' और 'नेचर्स बास्केट SBI कार्ड एलीट'
- नेचर्स बास्केट SBI कार्ड और इसके एलीट संस्करण का वार्षिक सदस्यता शुल्क क्रमश: 1499 रुपये और 4,999 रुपये है।

**2.** मार्च 2022 में, फिच रेटिंग ने भारत के वित्त वर्ष 2023 के विकास पूर्वानुमान को 180 आधार अंक घटाकर कितना कर दिया__________**8.5%।**

**नोट:**

- फिच रेटिंग ऊर्जा कीमतों में तीव्र वृद्धि का हवाला देते हुए पूर्वानुमान को कम किया।
- रूस पर आर्थिक प्रतिबंधों से ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान, कच्चे माल की कमी और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति दर जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं।
- वित्त वर्ष 2023 के लिए पूर्वानुमान वृद्धि
  - मूडीज - 9.1%
  - S&P - 7.8%

**3.** मार्च 2022 में, भारत ने पहली बार कितने बिलियन डॉलर के माल निर्यात का लक्ष्य हासिल किया है __________**400 बिलियन डॉलर।**

**नोट:**

- औसतन, हर घंटे 46 मिलियन अमेरिकी डॉलर का माल, हर दिन 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का माल और हर महीने 33 बिलियन डॉलर का माल निर्यात किया जाता है।
- वित्तीय वर्ष 2020-21 में निर्यात 292 बिलियन अमेरिकी डॉलर था जबकि 2021-22 में निर्यात 37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 400 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था।

**4.** किस बैंक ने चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के साथ साझेदारी में को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया _________ **ICICI बैंक।**

**नोट:**

- 'चेन्नई सुपर किंग्स ICICI बैंक क्रेडिट कार्ड' नाम के इस कार्ड को विशेष रूप से टीम के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए विशेष लाभ के साथ तैयार किया गया है।

- ICICI बैंक के CEO - संदीप बख्शी

**5.** मार्च 2022 में, कोटक महिंद्रा ने ONDC में 10 करोड़ रुपये में कितनी हिस्सेदारी हासिल की _________**7.84%।**

**नोट:**

- यह नेटवर्क वस्तुओं और सेवाओं दोनों के लिए भारतीय डिजिटल वाणिज्य पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित और रूपांतरित करता है।
- यह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) की एक पहल है।

**6.** ICICI लोम्बार्ड ने हाल ही में स्मार्टफोन के बीमा के लिए किस भुगतान बैंक के साथ करार किया है ________ **एयरटेल पेमेंट बैंक।**

**नोट:**

- यह बीमा सुविधा एयरटेल थैंक्स ऐप पर उपलब्ध है।
- यह फोन और उसकी स्क्रीन को दुर्घटनाओं या लिक्विड स्पिल से होने वाले नुकसान से वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।
- ग्राहक खरीद के दस दिन बाद तक बीमा प्राप्त कर सकते हैं।
- स्मार्टफोन की कीमत 10,000 से 100000 रुपये के बीच है।

**7.** हाल ही में किस मोबिलिटी फर्म ने एवेल फाइनेंस का अधिग्रहण किया_________**ओला।**

**नोट:**

- यह अधिग्रहण मजदूर वर्ग को वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है।
- इस अधिग्रहण से ओला को फिनटेक क्षेत्र में मजबूती मिलेगी।

**8.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किस शहर में रिजर्व बैंक इनोवेशन हब का उद्घाटन किया ________ **बेंगलुरु।**

**नोट:**

- RBI ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक धारा 8 के रूप में RBIH की स्थापना की है।
- RBIH 100 करोड़ के प्रारंभिक पूंजी योगदान के साथ RBI के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**9.** प्रिया विलेज रोडशो (PVR) ने किस मनोरंजन कंपनी के साथ विलय की घोषणा की_________**INOX।**

**नोट:**

- विलय की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद कंपनी को PVR INOX लिमिटेड के नाम से जाना जाएगा।
- अजय बिजली PVR INOX लिमिटेड के MD होंगे, संजीव कुमार कार्यकारी निदेशक होंगे और पवन कुमार जैन संगठित बोर्ड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष होंगे।

**10.** ईजमाईट्रिप ने किस बैंक के साथ मिलकर पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन इंटरनेशनल डेबिट कार्ड लॉन्च किया_________**DBS बैंक।**

**नोट:**

- यह कार्ड 99% पुनर्नवीनीकृत पॉलीविनाइल क्लोराइड (PVC) का उपयोग करके बनाया गया है।
- ग्रीन डेबिट कार्ड ग्राहकों को पर्यावरण के अनुकूल क्रियाकलाप को अपनाने के लिए यात्रा-संबंधी विशेष ऑफर और पुरस्कार प्रदान करता है।

**11.** किस बीमा फर्म ने हाल ही में जीवन बीमा जटिल विषयों को सरल बनाने के लिए डिजिटल एजुकेशन प्लेटफॉर्म 'क्लैरिफाईलाइफ' लॉन्च किया __________**HDFC लाइफ।**

**नोट:**

- 'क्लैरिफाईलाइफ' इंस्टाग्राम, लिंक्डइन और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

**12.** हाल ही में, RBI ने 'वर्णिका' नाम से BRBNMPL की स्याही निर्माण इकाई की स्थापना किस शहर में की________**मैसूर।**

**नोट:**

- वर्णिका की वार्षिक स्याही निर्माण क्षमता 1,500 मीट्रिक टन है, जो बैंक नोटों की सुरक्षा को बढ़ाने में मदद करती है।

**13.** मार्च 2022 में, ICRA ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत के GDP पूर्वानुमान को घटाकर कितना कर दिया___________**7.2%।**

**नोट:**

- ICRA ने वित्त वर्ष 2022 में GDP विस्तार का पूर्वानुमान 8.5% बताया था।
- GDP पूर्वानुमान में कटौती का कारण रूस-यूक्रेन संघर्ष, जिससे वस्तुओं की कीमतें बढ़ गई हैं और चीन में लगा लॉकडाउन है।

**14.** मार्च 2022 में, भारत और चीन के द्विपक्षीय व्यापार के बीच व्यापार घाटा ___________ **69.56 बिलियन अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- चीन को भारत का निर्यात वर्ष दर वर्ष 34.28% बढ़कर 28.03 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।
- चीन से भारत का आयात 46.14 प्रतिशत बढ़कर 97.59 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

**15.** MSME के प्रदर्शन में सुधार और तेजी के लिए कैबिनेट ने कितनी राशि स्वीकृत की है__________**808 मिलियन डॉलर।**

**नोट:**

- नई योजना के वित्तीय 2022-23 में शुरू होने की उम्मीद है।
- कुल राशि में से, 500 मिलियन डॉलर विश्व बैंक से प्राप्त ऋण होगा, और शेष 308 मिलियन डॉलर की राशि भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित की जाएगी।

**16.** किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने उद्योग का पहला डिजिटल रिवार्ड कार्यक्रम, VAULT लॉन्च किया_________**HDFC ERGO।**

**नोट:**

- VAULT कार्यक्रम कस्टमर लॉयल्टी में मार्ग प्रशस्त करता है।
- यह उद्योग का पहला डिजिटल ग्राहक संपर्क और पुरस्कार कार्यक्रम है।

**17.** केंद्र सरकार तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) में बिक्री के प्रस्ताव के माध्यम से 3,000 करोड़ से अधिक रुपये जुटाने के लिए कितनी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है__________**5%।**

**नोट:**

- इनमें से कम से कम 25% शेयर म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियों के लिए, 10% खुदरा निवेशकों के लिए और 0.075% कर्मचारियों के लिए आरक्षित होंगे।
- वित्त वर्ष 2022 के लिए विनिवेश लक्ष्य - 78,000 करोड़ रुपए
- वित्त वर्ष 2023 के लिए विनिवेश लक्ष्य - 65,000 करोड़ रुपए

## श्रद्धांजलियां

**1.** आर.सी. लाहोटी, जिनका हाल ही में निधन हो गया, वह थे__________ **पूर्व भारतीय मुख्य न्यायाधीश।**

**नोट:**

- न्यायमूर्ति लाहोटी को 1 जून 2004 को भारत का 35वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। वह 1 नवंबर 2005 को सेवानिवृत्त हुए।

**2.** स्टीफन विल्हाइट का निधन हो गया, उन्हें किसके निर्माता के रूप में जाना जाता है___________ **एनिमेटेड GIF।**

**नोट:**

- ऑक्सफोर्ड अमेरिकन डिक्शनरी ने 2012 में GIF को वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया।
- उन्हें 2013 में वेब्बी लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।
- GIF का तात्पर्य ग्राफिक्स इंटरचेंज फॉर्मेट है।

**3.** मिगुएल वैन डेम का निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे_________**फुटबॉल।**

**नोट:**

- बेल्जियम के फुटबॉलर मिगुएल वैन डेम का ल्यूकेमिया के साथ लंबे समय से जारी लड़ाई के बाद निधन हो गया।
- उन्हें 2016 में ल्यूकेमिया का पता चला था।

**4.** भीम बहादुर गुरुंग किस देश के पूर्व मुख्यमंत्री थे जिनका हाल ही में निधन हो गया _________**सिक्किम।**

**नोट:**

- बी. गुरुंग ने एक शिक्षक और कलकत्ता (कोलकाता) के एक समाचार पत्र अमृता बाजार पत्रिका में एक स्टाफ रिपोर्टर के रूप में कार्य किया और उन्होंने सिक्किम के पहले समाचार-आधारित नेपाली जर्नल कंचनजंगा का संपादन भी किया।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** विश्व जल दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है___________**22 मार्च।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य मीठे जल का महत्व समझाना है। इसका उपयोग मीठे जल के संसाधनों के स्थायी प्रबंधन का समर्थन करने के लिए किया जाता है।
- विश्व जल दिवस 2022 का विषय "Groundwater, Making the Invisible Visible"

**2.** विश्व मौसम विज्ञान दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है_________ **23 मार्च।**

**नोट:**

- इस दिवस को विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) की स्थापना के रूप में मनाया जाता है, और यह पृथ्वी के वायुमंडल के व्यवहार पर केंद्रित है। यह दिवस लोगों को पृथ्वी के वायुमंडल की रक्षा करने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक होने में भी मदद करता है।
- विश्व मौसम विज्ञान दिवस हर वर्ष एक अलग आदर्श वाक्य के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मौसम विज्ञान दिवस 'Early Warning and Early Action' विषय को ध्यान में रखकर मनाया जा रहा है।

**3.** भारत में, हर वर्ष 23 मार्च को किस रूप में मनाया जाता है _________**शहीद दिवस।**

**नोट:**

- यह दिवस स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इसके अलावा, 30 जनवरी को महात्मा गांधी की याद में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**4.** विश्व क्षय रोग दिवस 2022 का विषय क्या है, जो हर वर्ष 24 मार्च को मनाया जाता है ________ **Invest to End TB. Save Lives।**

**नोट:**

- विश्व टीबी दिवस हर वर्ष 24 मार्च को मनाया जाता है।
- संक्रामक रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- 24 मार्च, 1882 को, डॉ. रॉबर्ट कोच ने घोषणा की कि उन्होंने उस जीवाणु की खोज की है जो क्षयरोग फैलाता है।

**5.** इंटरनेशनल डे फॉर द राइट टू द ट्रुथ कब मनाया जाता है________**24 मार्च।**

**नोट:**

- यह वार्षिक दिवस मोनसिग्नोर ऑस्कर अर्नुल्फ़ो रोमेरो को श्रद्धांजलि देता है, जिनकी 24 मार्च 1980 को हत्या कर दी गई थी।
- मोनसिग्नोर रोमेरो अल सल्वाडोर में सबसे कमजोर व्यक्तियों के मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा करने में सक्रिय रूप से शामिल थे।

**6.** गुलामी के शिकार और ट्रांसअटलांटिक दास व्यापार के स्मरण का अंतर्राष्ट्रीय दिवस 2022 का विषय क्या है जो हर वर्ष 25 मार्च को मनाया जाता है___________ **Stories of Courage: Resistance to Slavery and Unity against Racism।**

**नोट:**

- हर वर्ष 25 मार्च को गुलामी के शिकार और ट्रांसअटलांटिक दास व्यापार के स्मरण का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है।
- 2022 के दिवस का विषय - Stories of Courage: Resistance to Slavery and Unity against Racism

**7.** संयुक्त राष्ट्र ने बंदी एवं लापता स्टाफ सदस्यों के साथ अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता दिवस कब मनाया________**25 मार्च।**

**नोट:**

- यह कार्यवाही जुटाने, न्याय की मांग करने और संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों और शांति सैनिकों के साथ-साथ गैर-सरकारी समुदाय और प्रेस में हमारे सहयोगियों की रक्षा करने के हमारे संकल्प को मजबूत करने का दिवस है।

**8.** मार्च 2022 में, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हर वर्ष 5 अक्टूबर को किस दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की _________**राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस।**

**नोट:**

- यह दिवस डॉल्फ़िन के संरक्षण में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाएगा।
- डॉल्फिन को इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजर्वेशन ऑफ नेचर रेड लिस्ट में लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**9.** विश्व रंगमंच दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_________ **27 मार्च।**

**नोट:**

- इस वर्ष, विश्व रंगमंच दिवस समारोह युवा, अगली पीढ़ी, उभरते कलाकारों पर केंद्रित होगा, जो हाल के दिनों में ITI का विशेष ध्यान रहे हैं। इस 60 वर्ष पुराने ITI फ्लैगशिप कार्यक्रम के माध्यम से, ITI अगली पीढ़ी के कलाकारों और कला पेशेवरों को विचारों का आदान-प्रदान करने और स्वयं को दुनिया के सामने पेश करने के लिए एक मंच प्रदान करना चाहता है।

**10.** वर्ल्ड बाइपोलर डे किस तारीख को मनाया जाता है________**30 मार्च।**

**नोट:**

- वर्ल्ड बाइपोलर डे 2022 का विषय Bipolar Together है।
- 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस मनाया गया।

**11.** प्रौद्योगिकी पर अधिक निर्भरता को देखते हुए हमारे कीमती डिजिटल दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए वर्ल्ड बैकअप डे हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है __________**31 मार्च।**

**नोट:**

- यह लोगों के लिए हमारे जीवन में डेटा की बढ़ती भूमिका और नियमित बैकअप के महत्व को जानने का दिन है।
- मूल रूप से, वर्ल्ड बैकअप डे की शुरुआत मैक्सटर नामक हार्ड ड्राइव कंपनी जिसे बाद में सीगेट टेक्नोलॉजी द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, द्वारा वर्ल्ड बैकअप मंथ के रूप में हुई थी।

**12.** इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर डे ऑफ विजिबिलिटी (TDOV) दुनिया भर में ट्रांसजेंडर लोगों के साथ होने वाले भेदभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है__________**31 मार्च।**

**नोट:**

- यह दिवस ट्रांसजेंडर लोगों की सराहना करने और दुनिया भर में ट्रांसजेंडर लोगों द्वारा सामना किए जाने वाले भेदभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित है।

## नई नियुक्तियां

**1.** योगी आदित्यनाथ ने दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उन्होंने किस निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव जीता __________**गोरखपुर (नगर)।**

**नोट:**

- उन्होंने गोरखपुर (नगर) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता।
- हाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 403 में से 273 सीटों पर जीत हासिल की।

**2.** मार्च 2022 में, चेन्नई सुपर किंग्स का कप्तान किन्हें नियुक्त किया गया ________ **रवींद्र जडेजा।**

**नोट:**

- धोनी ने अब अपनी कप्तानी रविंद्र जडेजा को सौंप दी है।
- धोनी की कप्तानी में CSK ने 4 बार खिताब जीता- 2008, 2011, 2018, 2021

**3.** दिल्ली के लोकायुक्त के रूप में किसने शपथ ली _______ **न्यायमूर्ति हरीश चंद्र।**

**नोट:**

- शपथ ग्रहण समारोह राज निवास में उपराज्यपाल अनिल बैजल द्वारा प्रशासित किया गया।
- लोकायुक्त का पद दिसंबर 2020 में रेवा क्षेत्रपाल के सेवानिवृत्त होने के बाद से रिक्त था।
- वह पांच वर्ष की अवधि के लिए पद पर रहेंगे।

**4.** 1 अप्रैल 2022 से तीन महीने की अवधि के लिए CSB बैंक का अंतरिम MD और CEO किन्हें नियुक्त किया गया __________ **प्रलय मंडल।**

**नोट:**

- वर्तमान MD और CEO सी.वी.आर. राजेंद्रन ने स्वास्थ्य कारणों से अपने पद से सेवानिवृत्ति की घोषणा की।
- CSB मुख्यालय: त्रिशूर, केरल

**5.** हिसाशी टेकुची को किस संगठन का MD और CEO नियुक्त किया गया__________ **मारुति सुजुकी।**

**नोट:**

- यह निर्णय 1 अप्रैल से तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगा।
- वर्तमान MD और CEO केनिची आयुकावा का कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त हो जाएगा, लेकिन वह 30 सितंबर तक कार्यकारी उपाध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक बने रहेंगे।

**6.** 28 मार्च 2022 को, प्रमोद सावंत ने गोवा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उन्होंने किस निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव जीता _________ **संकुएलिम।**

**नोट:**

- राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई ने उन्हें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम, पणजी में पद की शपथ दिलाई।
- हाल ही में राज्य विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने 40 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 20 सीटें जीतीं।

**7.** स्टॉकहोम वाटर प्राइज़ 2022 किसने जीता_________ **विल्फ्रेड ब्रुट्सएर्ट।**

**नोट:**

- उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पर्यावरणीय वाष्पीकरण को मापने के लिए उनके अभूतपूर्व कार्य के लिए मिला, जिससे स्थानीय वर्षा पैटर्न और जल स्रोतों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की सटीक भविष्यवाणी करने में मदद मिली।
- उन्हें 'मिस्टर इवेपोरेशन' के नाम से भी जाना जाता है।

**8.** प्रधानमंत्री रॉबर्ट अबेला ने किस देश के आम चुनाव में जीत हासिल की __________ **माल्टा।**

**नोट:**

- उन्होंने जनवरी 2020 में माल्टा का शासन संभाला।
- लेबर पार्टी ने नेशनलिस्ट पार्टी के 41.7% मतों के मुकाबले कुल मतों के 55.11% मत हासिल किए।
- पुर्तगाल के प्रधान मंत्री - एंटोनियो कोस्टा

**9.** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के शासी निकाय ने किसे ILO का 11वां महानिदेशक चुना ________ **गिल्बर्ट एफ. हौंगबो।**

**नोट:**

- वह टोगो के पूर्व प्रधान मंत्री हैं।
- गाय राइडर - ILO के वर्तमान महानिदेशक
- जेन्स स्टोलटेनबर्ग- नाटो के महासचिव
- टेड्रोस अधानोम घेब्रियेसस - WHO के महानिदेशक

**10.** ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल इंडिया का नया अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया_________**शशि सिन्हा।**

**नोट:**

- IPG मीडियाब्रैंड India के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शशि सिन्हा को ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (BARC) इंडिया का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

- सिन्हा ने एडवरटाइजिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ भी काम किया है।

**11.** पूर्व CAG जिन्हें कल्याण ज्वैलर्स का अध्यक्ष नियुक्त किया गया________**विनोद राय।**

**नोट:**

- कल्याण ज्वैलर्स के संस्थापक टी.एस. कल्याणरमन कंपनी के बोर्ड में MD बने रहेंगे।

**12.** मार्च 2022 में, नाटो का नया महासचिव किन्हें नियुक्त किया गया ________**जेन्स स्टोलटेनबर्ग।**

**नोट:**

- वह नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने अक्टूबर 2014 में नाटो का महासचिव नियुक्त किया था।
- यह दूसरी बार है जब उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है।

**13.** मार्च 2022 में, उत्तराखंड विधानसभा की पहली महिला अध्यक्ष किन्हें चुना गया_________**रितु खंडूरी।**

**नोट:**

- रितु खंडूरी ने कोटद्वार से 2022 का विधानसभा चुनाव जीता।
- हाल ही में पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

**14.** उदय कोटक का कार्यकाल पूरा होने के बाद 3 अप्रैल, 2022 को इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (IL&FS) के अध्यक्ष का पदभार कौन संभालेगा__________**सी.एस. राजन।**

**नोट:**

- IL&FS के MD सी.एस. राजन, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा 3 अप्रैल से छह महीने के लिए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

**15.** 2022 से 2026 तक भारतीय बैडमिंटन संघ का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया_________**हिमंत बिस्वा सरमा।**

**नोट:**

- वह 2017 से भारतीय बैडमिंटन संघ (BAI) के अध्यक्ष बने हुए हैं।

**16.** FedEx के CEO के रूप में फ्रेडरिक डब्ल्यू. स्मिथ की जगह किन्हें नियुक्त किया गया है__________**राज सुब्रमण्यम।**

**नोट:**

- वह FedEx के संस्थापक, फ्रेडरिक डब्ल्यू. स्मिथ की जगह लेंगे।
- वर्तमान में, सुब्रमण्यम FedEx के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

**17.** नए निदेशक के रूप में वन अनुसंधान संस्थान का कार्यभार किसने संभाला ________ **रेणु सिंह।**

**नोट:**

- वह वन अनुसंधान संस्थान की दूसरी महिला निदेशक होंगी।
- वह मध्य प्रदेश कैडर के 1990 बैच की IFS अधिकारी हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** नागर विमानन पर एशिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम, विंग्स इंडिया 2022 हैदराबाद में आयोजित किया गया। विंग्स इंडिया 2022 का विषय ___________ **India@75: New Horizon for Aviation Industry।**

**नोट:**

- द्विवार्षिक एयर शो का पांचवां संस्करण, बेगमपेट हवाई अड्डे पर शुरू हुआ।

- भारत, जहां वर्तमान में 153 परिचालन हवाईअड्डे हैं, 2040 तक हवाईअड्डों की संख्या 190-200 तक बढ़ाने की परिकल्पना की गई है।

2. प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना किस वर्ष लागू की गई थी, जिसे हाल ही में अप्रैल 2022 से 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया_________ **2020।**

**नोट:**

- छठे चरण में, प्रत्येक लाभार्थी को खाद्यान्न के सामान्य कोटे में प्रति माह पांच किग्रा प्रति व्यक्ति अतिरिक्त नि:शुल्क राशन मिलेगा।
- यह कार्यक्रम उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

3. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 5वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसकी अध्यक्षता किस सदस्य देश द्वारा की जाएगी_________**श्रीलंका।**

**नोट:**

- वर्चुअल समिट की मेजबानी वर्तमान बिम्सटेक अध्यक्ष श्रीलंका द्वारा की जाएगी।
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी 28 मार्च से 30 मार्च तक श्रीलंका का दौरा करेंगे जहां वह बिम्सटेक विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे।

4. राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव 2022 के 11वें संस्करण के दूसरे चरण का उद्घाटन किस शहर में किया गया__________**वारंगल, तेलंगाना।**

**नोट:**

- राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव 2022 कार्यक्रम का दूसरा चरण वारंगल में आयोजित किया गया था, जिसका उद्घाटन तेलंगाना के राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने किया था।

5. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभयारण्य द्वारा आयोजित गणना के बाद काजीरंगा में गैंडों की कुल संख्या _________**2613।**

**नोट:**

- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभयारण्य ने गणना की।
- गैंडों की कुल संख्या 2413 से बढ़कर 2613 हो गई।

6. हुरुन ग्लोबल U40 सेल्फ मेड बिलियनेयर्स रिपोर्ट 2022 में भारत की रैंक, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद चीन दूसरे स्थान पर है __________ **चौथा।**

**नोट:**

- हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी हुरुन ग्लोबल फोर्टी एंड अंडर सेल्फ-मेड बिलियनेयर्स 2022 रिपोर्ट, दुनिया में 40 वर्ष से कम आयु के सेल्फ-मेड बिलियनेयर्स (अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में) को रैंक प्रदान करती है।
- रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका (37 बिलियनेयर्स), चीन (25 बिलियनेयर्स), इसके बाद क्रमशः यूके (8), भारत (6) और स्वीडन (3) शीर्ष पांच में हैं।

7. वर्ष 2025 तक, सरकार ने हवाई अड्डों की संख्या 140 से बढ़ाकर कितनी करने का लक्ष्य रखा है_________ **220।**

**नोट:**

- सरकार ने ड्रोन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए 33 नए घरेलू कार्गो टर्मिनल बनाने और 15 नए उड़ान प्रशिक्षण स्कूल स्थापित करने की भी योजना बनाई है।
- 5% के वैश्विक औसत के मुकाबले भारत में 15% पायलट महिलाएं होंगी।
- भारत में 96 कार्बन तटस्थ हवाई अड्डे होंगे, जो 2024 तक नवीकरणीय ऊर्जा पर चलेंगे।

**8.** वर्तमान में, भारत की परिचालन परमाणु ऊर्जा क्षमता_________**6780 मेगावाट।**

**नोट:**

- भारत अगले तीन वर्षों में 10 'फ्लीट मोड' परमाणु रिएक्टरों के लिए निर्माण गतिविधियों को शुरू करने की योजना बना रहा है।
- कर्नाटक के कैगा में 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण 2023 से शुरू होगा।
- गुजरात के काकरापार में 700 मेगावाट का एक रिएक्टर जनवरी 2021 में ग्रिड से जुड़ा था, लेकिन अभी तक इसका वाणिज्यिक परिचालन शुरू नहीं हुआ है।
- भारत के 220 मेगावाट के दाबित भारी जल रिएक्टर (PHWR) की पहली जोड़ी 1960 के दशक में कनाडा के समर्थन से राजस्थान के रावतभाटा में स्थापित की गई थी।

**9.** मार्च 2022 में, यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में किसे शामिल किया गया _________ **मेघालय के जीवित जड़ सेतु।**

**नोट:**

- 'जिंगकिएंगजरी: लिविंग रूट ब्रिज कल्चरल लैंडस्केप्स ऑफ मेघालय' के नाम से जड़ को सूची में शामिल किया गया है।
- वर्तमान में, राज्य के 72 गांवों में लगभग 100 ज्ञात जीवित जड़ सेतु हैं।
- मेघालय के खासी और जयंतिया समुदाय 600 से अधिक वर्षों से इन संतुओं की देखभाल कर रहे हैं।

**10.** किस संगठन के साथ साझेदारी में नागर विमानन मंत्रालय ने 24 से 27 मार्च तक हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर विंग्स इंडिया 2022 का आयोजन किया__________**फिक्की।**

**नोट:**

- विंग्स इंडिया 2022 का विषय - 'India@75: New Horizon for Aviation Industry'
- हैदराबाद में विंग्स इंडिया 2022 प्रदर्शनी के दौरान भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर टीम ने फ्लाई पास्ट का प्रदर्शन किया।
- हंसा-एनजी (CSIR-नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरी, बेंगलुरु द्वारा डिजाइन और विकसित) का प्रदर्शन किया गया। विमान को विंग कमांडर दिलीप रेड्डी उड़ा रहे थे।

**11.** भारत के प्रधानमंत्रियों को समर्पित एक संग्रहालय 'प्रधान मंत्री संग्रहालय' कहां विकसित किया जा रहा है_______**तीन मूर्ति भवन।**

**नोट:**

- संग्रहालय सभी 14 भारतीय प्रधानमंत्रियों के जीवन और समय को प्रदर्शित करता है।
- तीन मूर्ति भवन में नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय के निकट 271 करोड़ रुपये की लागत से संग्रहालय बनाया गया है।

**12.** किस स्थान पर, MSME मंत्रालय और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII), अहमदाबाद ने 'MSME पर मेगा इंटरनेशनल समिट' का आयोजन किया ________**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए वर्तमान कीमतों (2011-12) पर GDP में MSME की हिस्सेदारी क्रमशः 30.5% और 30.0% थी।
- वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान कुल विनिर्माण में MSME की हिस्सेदारी क्रमशः 36.9% और 36.9% थी।

- 2019-20 और 2020-21 में भारत के कुल निर्यात में MSME की हिस्सेदारी क्रमशः 49.8% और 49.5% थी।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. हाल ही में, महाराष्ट्र विधान सभा ने स्थानीय अधिकारियों के आधिकारिक कार्य हेतु किस भाषा को अनिवार्य बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया __________ **मराठी।**

**नोट:**

- कुछ सरकारी कार्यों, जैसे विदेशी राजदूतों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों द्वारा अंग्रेजी या हिंदी के उपयोग की अनुमति है।

2. किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने हाल ही में रोजगार बजट के नाम से 2022-23 के लिए बजट पेश किया ________**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- बजट का नाम - रोजगार बजट
- बजट राशि - 75,800 करोड़ रुपये।
- 2027 तक 20 लाख नौकरियां
- 'दिल्ली फिल्म पॉलिसी' की शुरुआत।
- 9,769 करोड़ स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटित।
- शिक्षा क्षेत्र के लिए 16,278 करोड़ रुपये।

3. वेस्ट टू वेल्थ मिशन के तहत, दिल्ली के किस शहर में एक विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकी पार्क का उद्घाटन किया जाएगा _________ **पूर्वी जाफराबाद।**

**नोट:**

- मोदी सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के पद के तहत एक पहल द वेस्ट टू वेल्थ मिशन के अंतर्गत पूर्वी दिल्ली नगर निगम (EDMC) के सहयोग से एक विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकी पार्क का उद्घाटन नई दिल्ली के पूर्वी जाफराबाद में किया जाएगा।

4. ग्राम पंचायतों में अस्पृश्यता मिटाने के लिए, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर कौन सा राज्य विनय समरस्य योजना शुरू करेगा__________**कर्नाटक।**

**नोट:**

- इस अभियान का उद्देश्य पूरे राज्य की ग्राम पंचायतों में अस्पृश्यता का उन्मूलन करना है।
- 14 अप्रैल भारतीय संविधान के जनक बी.आर. अंबेडकर की जयंती है।

5. किस राज्य को सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया गया_________ **उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**

- राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने जल प्रबंधन में अनुकरणीय कार्य के लिए उत्तर प्रदेश को तीसरा राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान किया, उसके बाद राजस्थान और तमिलनाडु का स्थान है।
- राष्ट्रीय जल पुरस्कार जल शक्ति मंत्रालय द्वारा दिए जाते हैं।

6. भारत के किस राज्य को जीवित जड़ सेतु के लिए विश्व के धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में जगह मिली ________ **मेघालय।**

**नोट:**

- जीवित जड़ सेतु एक प्रकार का सामान्य निलंबन पुल है जो एक धारा या नदी के पार जीवित पौधों की जड़ों से ट्री शेपिंग विधि द्वारा निर्मित होता है।
- इन पुलों को स्थानीय रूप से जिंगकिएंगजरी के नाम से जाना जाता है।

7. 30 मार्च, किस राज्य के स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया ________ **राजस्थान।**

**नोट:**

- राजस्थान ने 30 मार्च को 73वां स्थापना दिवस मनाया। 30 मार्च, 1949 को चार राज्य, जयपुर, बीकानेर, जोधपुर और जैसलमेर, संयुक्त राज्य राजस्थान के साथ जुड़ गए।

8. किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की सरकार ने कैदियों के लिए उनके परिवार की जीवन निर्वाह स्थिति में सुधार हेतु व्यक्तिगत ऋण की शुरुआत की__________ **महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- योजना के तहत, महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर 50,000 रुपये तक का ऋण प्रदान करेगा।

9. किस राज्य ने राष्ट्रीय पैरा-तैराकी चैंपियनशिप 2022 जीती__________ **महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- महाराष्ट्र ने महाराणा प्रताप खेल गांव, उदयपुर में 306 अंकों के साथ 21वीं राष्ट्रीय पैरा-तैराकी चैंपियनशिप 2022 जीती।
- टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय पैरालंपिक समिति (PCI) और नारायण सेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

10. किस राज्य सरकार ने सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए सलाम बालक ट्रस्ट और यूथ रीच NGO के सहयोग से एक टास्क फोर्स गठित की ________ **दिल्ली सरकार।**

**नोट:**

- टास्क फोर्स पुनर्वास के पांच-स्तंभीय मॉडल पर संकेंद्रित होगी: शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण, परामर्श और चिकित्सा सहायता, आर्थिक संरक्षण, अभिभावकता और बच्चों के लिए आश्रय स्थल।
- एक आवासीय विद्यालय के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये अलग रखे गए थे जो कमजोर बच्चों को न केवल शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक सहायता भी प्रदान करेगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. मार्च 2022 में, कौन सा देश पृथ्वी पर सबसे गर्म स्थान बन गया__________ **कुवैत।**

**नोट:**

- वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के अनुसार, कुवैत बिजली के लिए तेल प्रयोग में ला रहा है और प्रति व्यक्ति शीर्ष वैश्विक कार्बन उत्सर्जक में शामिल है।

**2.** कौन सा देश 1 अप्रैल, 2022 से वस्तुओं और सेवाओं का भुगतान करने के लिए डिजिटल संपत्ति के उपयोग पर प्रतिबंध लगाएगा ________**थाईलैंड।**

**नोट:**

- यह कदम सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (SEC) और बैंक ऑफ थाईलैंड (BOT) के बीच पूर्व चर्चा के साथ लिया गया था।
- ऐसी गतिविधि देश की वित्तीय स्थिरता और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

**3.** भारत के किस पड़ोसी देश ने 26 मार्च 2022 को अपना 52वां स्वतंत्रता दिवस मनाया _________**बांग्लादेश।**

**नोट:**

- राष्ट्रपति एम. अब्दुल हमीद और प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ढाका में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मुक्ति संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।
- 26 मार्च 1971 को शेख मुजीबुर रहमान द्वारा बांग्लादेश को एक स्वतंत्र राष्ट्र घोषित किया गया था।

**4.** संयुक्त राज्य अमेरिका ने किस देश के साथ 'बालिकातान 2022' नामक सबसे बड़े अभ्यास का आयोजन किया _________ **फिलीपींस।**

**नोट:**

- यह अभ्यास 28 मार्च से 8 अप्रैल, 2022 तक ताइवान के पास फिलीपींस क्षेत्र में लुज़ोन में होता है।

**5.** ध्वनि प्रदूषण पर UNEP की रिपोर्ट के अनुसार, कौन सा शहर दुनिया के सर्वाधिक शोरगुल वाले शहर के रूप में तीसरे स्थान पर है _________**इस्लामाबाद।**

**नोट:**

- शीर्ष 5 ध्वनि प्रदूषक - ढाका (बांग्लादेश), मुरादाबाद (उप्र, भारत), इस्लामाबाद (पाकिस्तान), राजशाही (बांग्लादेश), हो ची मिन्ह सिटी (वियतनाम)
- शीर्ष 5 सबसे शांत शहर - इर्बिड (60 dB), लियोन, मैड्रिड, स्टॉकहोम और बेलग्रेड

**6.** कौन सा देश वार्षिक बरसामा शील्ड 2022 सैन्य अभ्यास के लिए चार देशों ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर और यूनाइटेड किंगडम की मेजबानी करेगा __________ **मलेशिया।**

**नोट:**

- अभ्यास को BS22 कहा जाता है।
- यह फाइव पावर डिफेंस अरेंजमेंट (FPDA, 1971 में स्थापित द्विपक्षीय और बहुपक्षीय रक्षा समझौतों की एक श्रृंखला) के फ्रेमवर्क के भीतर आयोजित किया गया है।

**7.** बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए अमेरिका द्वारा मानवीय सहायता के रूप में कितनी वित्तीय सहायता की घोषणा की गई__________ **152 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- बांग्लादेश में अमेरिकी राजदूत पीटर हास की कॉक्स बाजार की यात्रा के बाद यह घोषणा की गई, जहां अधिकांश रोहिंग्या शरणार्थी रहते हैं।

**8.** 5वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन का विषय क्या है, जो हाल ही में श्रीलंका की अध्यक्षता में वर्चुअली आयोजित किया गया था_________ **Towards a Resilient Region, Prosperous Economies, Healthy People।**

**नोट:**

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 5वें बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जिसकी मेजबानी श्रीलंका द्वारा की गई थी, जो बिम्सटेक का वर्तमान अध्यक्ष है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. टोपोलॉजी और इसकी शाखाओं में अपने काम के लिए एबेल पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया गया________**डेनिस पार्नेल सुलिवन।**

**नोट:**

- उन्हें टोपोलॉजी और इसकी शाखाओं में उनके काम के लिए विशेष रूप से "टोपोलॉजी में उनके व्यापक योगदान के लिए, और विशेष रूप से इसके बीजगणितीय, ज्यामितीय और गतिशील पहलुओं के लिए सम्मानित किया गया है।"
- एबेल पुरस्कार नॉर्वे के राजा द्वारा किसी व्यक्ति को प्रतिवर्ष दिया जाने वाला एक वार्षिक पुरस्कार है।
- गणित के लिए वार्षिक पुरस्कार का नाम नॉर्वे के महान गणितज्ञ नील्स हेनरिक एबेल के नाम पर रखा गया है।

2. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किस भारतीय नौसेना पोत को प्रतिष्ठित प्रेसीडेंट ऑफ कलर से सम्मानित किया________ **INS वलसुरा।**

**नोट:**

- प्रेसीडेंट कलर शांति और युद्ध दोनों में राष्ट्र को प्रदान की गई असाधारण सेवा के लिए सम्मान है।
- INS वलसुरा 1942 में कमीशन किया गया था जो भारतीय नौसेना का एक प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान है।

3. किस फिल्म के लिए, जेसिका चैस्टेन ने "सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री" का 94वां अकादमी पुरस्कार जीता_________ **द आईज़ ऑफ़ टैमी फेय।**

**नोट:**

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म - CODA
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - जेसिका चैस्टेन (द आईज़ ऑफ़ टैमी फेय)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - जेन कैंपियन (द पॉवर ऑफ द डॉग) (2021 में क्लो झाओ और 2010 में कैथरीन बिगेलो के बाद सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार की तीसरी महिला विजेता)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - विल स्मिथ (किंग रिचर्ड)

4. सऊदी अरब के जेद्दा कॉर्निश सर्किट में आयोजित फॉर्मूला वन सऊदी अरब ग्रैंड प्रिक्स 2022 किसने जीती_________**मैक्स वेर्स्टाप्पेन।**

**नोट:**

- यह उनके करियर का 21वां खिताब है।
- उन्होंने फेरारी के चार्ल्स लेक्लर्क को हराया, जो दूसरे स्थान पर रहे।

5. दुबई में आयोजित TIMES 100 इम्पैक्ट अवार्ड समारोह में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए किस भारतीय अभिनेत्री को सम्मानित किया गया ____________**दीपिका पादुकोण।**

**नोट:**

- उन्हें TIME द्वारा 2018 में दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में भी शामिल किया गया।

6. विजुअल इफेक्ट्स कंपनी DNEG के प्रमुख, जिसे फिल्म 'ड्यून' में अपने काम के लिए 'सर्वश्रेष्ठ विजुअल इफेक्ट्स' श्रेणी में 94वां अकादमी पुरस्कार मिला ________**नमित मल्होत्रा।**

**नोट:**

- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - विल स्मिथ, "किंग रिचर्ड"
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - जेसिका चैस्टेन (द आइज़ ऑफ़ टैमी फेय)
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म - CODA
- सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म- ड्राइव माई कार
- डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सबजेक्ट - द क्वीन ऑफ बास्केटबॉल
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - जेन कैंपियन (द पावर ऑफ द डॉग)

7. महामारी के समय में 'मिशन सेफगार्डिंग' नामक योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए किस हवाई अड्डे को कोविड चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया _________**कोचिन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा।**

**नोट:**

- विंग्स इंडिया नागर विमानन पर एशिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जिसका आयोजन नागरिक उड्डयन मंत्रालय और फिक्की द्वारा हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर संयुक्त रूप से किया जाता है।

8. उस व्यक्ति का नाम बताइए जिसने भारत में डफ एंड फेल्प्स सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट 2021 में शीर्ष स्थान हासिल किया ________ **विराट कोहली।**

**नोट:**

- विराट कोहली का ब्रांड वैल्यूएशन 2020 में 237.7 मिलियन डॉलर के उच्च स्तर से पिछले वर्ष गिरकर 185.7 मिलियन डॉलर हो गया।

9. डफ एंड फेल्प्स (अब क्रॉल) द्वारा जारी "डिजिटल एक्सेलेरेशन 2.0" नामक सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट 2021 (7वें संस्करण) में सबसे मूल्यवान सेलिब्रिटी ________**विराट कोहली।**

**नोट:**

- विराट कोहली की ब्रांड वैल्यू 2020 में 237.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर से गिरकर 2021 में 185.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है।
- आलिया भट्ट 68.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ चौथे स्थान पर हैं और सबसे मूल्यवान महिला सेलिब्रिटी बन गई हैं। वह शीर्ष 10 में सबसे युवा सेलिब्रिटी हैं और वह बॉलीवुड की महिला अभिनेताओं में सबसे मूल्यवान ब्रांड हैं।

10. BBC इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर पुरस्कार के तीसरे संस्करण से किसे सम्मानित किया गया ________ **साइखोम मीराबाई चानू।**

**नोट:**

- टोक्यो ओलंपिक 2021 में, मीराबाई चानू ने रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय भारोत्तोलक बनकर इतिहास रचा।
- 'BBC इमर्जिंग प्लेयर' पुरस्कार - शैफाली वर्मा (2019 में महिला T20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारत के लिए खेलने वाली सबसे युवा महिला क्रिकेटर)
- BBC लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार - भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी (ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला)

## खेल समाचार

1. दुबई में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2022 में प्रणव प्रशांत देसाई ने किस खेल प्रतिस्पर्धा में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता________ **स्प्रिंटिंग।**

**नोट:**

- एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स ने पुरुषों की 200 मीटर T64 फाइनल में शीर्ष पुरस्कार जीता।
- T64 श्रेणी एक पैर के विच्छेदन वाले एथलीटों के लिए है, जो खड़े होने की स्थिति में कृत्रिम अंग के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं।

2. बायजू को किस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आधिकारिक भागीदार नामित किया गया_________फीफा विश्व कप **2022।**

**नोट:**

- प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवंबर से 18 दिसंबर तक कतर में किया जाएगा।
- बायजू अब विश्व कप से जुड़ने वाली पहली भारतीय एड-टेक फर्म बन गई है।

3. किसको हराकर बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु ने स्विस ओपन महिला एकल खिताब 2022 जीता________**बुसानन ओंगबामरुंगफा।**

**नोट:**

- इस जीत के बाद, पी.वी. सिंधु ने सीजन का अपना दूसरा महिला एकल खिताब जीता।
- सिंधु ने लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 में 2022 का अपना पहला खिताब जीता था।

4. किस टीम को हराने के बाद, भारत ने SAFF U-18 महिला चैंपियनशिप खिताब 2022 जीता_________ **बांग्लादेश।**

**नोट:**

- भारत बांग्लादेश से 0-1 से हार गया लेकिन फिर भी टूर्नामेंट का चैंपियन बनकर उभरा।
- टूर्नामेंट की सर्वोच्च गोल स्कोरर लिंडा कॉम थी, उन्होंने टूर्नामेंट में पांच गोल किए।

5. किस टीम ने ओबैदुल्ला खान हॉकी कप 2022 जीता _________ **भारतीय रेलवे।**

**नोट:**

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, भोपाल, मध्य प्रदेश में टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।
- रेलवे के खिलाड़ी अर्जुन को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

6. किस हॉकी टीम ने खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग (U-21) जीती________ **प्रीतम सिवाच अकादमी।**

**नोट:**

- सोनीपत स्थित अकादमी भारत की महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच द्वारा संचालित है; उन्हें 2021 में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता भी मिला।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, श्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा विमोचित पुस्तक "इंडियन एग्रीकल्चर टुवर्ड्स 2030: पाथवे फॉर इन्हैंसिंग फामर्स इनकम, न्यूट्रिशनल सिक्योरिटी एंड सस्टेनेबल फूड एंड फार्म सिस्टम्स" के प्रकाशक__________ **स्प्रिंगर।**

**नोट:**

- पुस्तक कृषि क्षेत्र में सुधार की दिशा में नीति आयोग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय; और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी, और FAO के प्रयासों की प्रगति को दर्शाती है।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. किस शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय तटरक्षक बल हेतु आठ तेज गश्ती पोत के निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय के साथ 473 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं _________ **गोवा शिपयार्ड लिमिटेड।**

**नोट:**

- इस समझौते पर नई दिल्ली में संयुक्त सचिव (समुद्री और प्रणाली) दिनेश कुमार और GSL के अध्यक्ष एवं एमडी, कमोडोर बी.बी. नागपाल (सेवानिवृत्त) द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे।
- इन गश्ती जहाजों को GSL द्वारा बाय (इंडियन-IDDM) श्रेणी के तहत डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा।

2. उस सुरक्षा अभ्यास का नाम बताइए जो मुंबई तट से दूर पश्चिमी नौसेना कमान द्वारा आयोजित किया गया ________ **प्रस्थान।**

**नोट:**

- यह अभ्यास हर छह महीने के बाद किया जाता है।
- नौसेना अभ्यास में भारतीय वायु सेना, तटरक्षक बल, ONGC, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट, जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, सीमा शुल्क, राज्य मत्स्यपालन विभाग, व्यापारिक समुद्री विभाग और समुद्री पुलिस ने भाग लिया।

3. भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाओं के बीच संयुक्त नौसैनिक अभ्यास वरुण 2022 का कौन सा संस्करण अरब सागर में आयोजित किया जा रहा है __________**20वां।**

**नोट:**

- भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास, वरुण का 20वां संस्करण 30 मार्च - 03 अप्रैल 22 से अरब सागर में आयोजित किया जा रहा है।
- द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 1993 में शुरू किया गया था।

4. भारतीय वायु सेना ने किस संगठन के साथ फ्लीट कार्ड - फ्यूल ऑन मूव लॉन्च किया __________ **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन।**

**नोट:**

- वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने फ्लीट कार्ड- फ्यूल ऑन मूव कार्ड लॉन्च किया।
- फ्लीट कार्ड किसी भी IOCL ईंधन स्टेशनों पर काफिले को ईंधन भरने की सुविधा देता है।

5. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कहां पर "परम शक्ति" - पेटास्केल सुपरकंप्यूटर का उद्घाटन किया___________ **IIT-खड़गपुर।**

**नोट:**

- नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) के तहत विकसित सुपरकंप्यूटर, संस्थान में अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा।
- नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) की एक संयुक्त पहल है।

**6.** रक्षा मंत्रालय ने 473 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत पर भारतीय तटरक्षक हेतु आठ तेज गश्ती पोत के निर्माण के लिए किस इकाई के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं________ **गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)।**

**नोट:**

- इन सतही प्लेटफार्मों को GSL द्वारा बाय (इंडियन-IDDM) श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा।

**--------------0--------------**

BYJU'S
EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card



byjusexamprep.com